Title: Need to increase the height of platform No.2 and also construct an overbridge at Rajgarh railway station, Rajasthan.

श्री जसवन्त सिंह यादव(अलवर) : मान्यवर, राजगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो की हालत बहुत खराब है। यात्रियों को इस प्लेटफार्म के चढ़ते और उतरते समय असुविधा होती है क्योंकि यह प्लेटफार्म कच्चा और नीचा है। ऐसी स्थिति में कोई भी घटना घट सकती है। इसके अतिरिक्त इस रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज न होने के कारण भी यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। जयपुर से आने वाली प्रत्येक रेलगाड़ी तीसरी लाइन पर आती है। यात्रियों को तीन लाइनें पार करके जाना पड़ता है जिससे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि राजगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो को ऊंचा तथा ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र करवाया जाए ताकि यात्रियों को सुविधा हो सके तथा किसी भी दुर्घटना को होने से बचाया जा सके।